# Law विधि

## Part- A
## (2 Marks)

### मुख्य परीक्षा 2016

**1. सामण्ड द्वारा दी गई स्वामित्व की परिभाषा बताइये।**

उ. सामण्ड के अनुसार स्वामित्व-
स्वामित्व व्यक्ति तथा उसमें निहित अधिकारों के बीच का सम्बन्ध है, स्वामित्व किसी व्यक्ति में निहित सर्वस्व अधिकार है, जिन्हे व्यक्ति दुसरे व्यक्तियों के विरुद्ध प्रयोग करता है। **सामण्ड ने स्वामित्व की निराकार परिकल्पना की।**

**2. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना माँगने के लिये कौन अधिकारी है?**

उ. सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत, सूचना माँगने के अधिकारी केवल अपने देश के नागरिक है। इस अधिनियम के अन्तर्गत कोई सांचा या कम्पनी, सूचना माँगने के लिए अधिकृत नहीं है तथा इस अधिनियम के अन्तर्गत देश में रहने वाले विदेशी सूचना नहीं माँग सकते है।

**3. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत बालक की क्या परिभाषा है?**

उ. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत बालक से तात्पर्य है- कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो अठारह वर्ष से कम आयु का है और जिसके अन्तर्गत कोई दत्तक, सौतेला तथा पोषित बालक है।

**4. राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 'नजूल भूमि' को परिभाषित कीजिये।**

उ. राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत नजूल भूमि से अभिप्राय राज्य सरकार में निहित उस आबादी भूमि से है जो नगरपालिका, पंचायत सर्किल या शहर, गाँव, या कस्बे की सीमा के अन्दर हो।

**5. विधि के अन्तर्गत व्यक्ति कितने प्रकार के होते हैं?**

उ. विधि के अन्तर्गत व्यक्ति तीन प्रकार के है-
1. निगम- व्यक्तियों के समूह की श्रृंखला, जिसे मिथक द्वारा मान्यता प्राप्त है।
2. संस्था- निगमित निकाय के तुल्य होता है। इसका उत्तराधिकार होता है। इसकी सामान्य मुहर, सम्पति धारण की जा सकती है, इनके विरुद्ध या इनके द्वारा वाद लाया जा सकता है।
3. विधि- विशिष्ट प्रयोजन में प्रयुक्त सम्पदा के व्यक्ति माना है।

### मुख्य परीक्षा 2018

**1. सामण्ड ने 'अधिकार' पद को किस प्रकार परिभाषित किया है?**

उ. सामण्ड के अनुसार एक कानूनी अधिकार एक हित है जो कानून के शासन द्वारा संरक्षित और मान्यता प्राप्त है। यह एक ऐसा हित है, जिसका कर्त्तव्य है तथा इसकी अवहेलना करना गलत है।

**2. राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अंतर्गत अभिव्यक्ति 'कृषक' से क्या अभिप्राय है?**

उ. राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के अंतर्गत कृषक का अर्थ उस व्यक्ति से है, जो स्वयं या नौकरों या किरायेदारों द्वारा अपनी आजीविका पूरी तरह या मुख्य रूप से कृषि द्वारा अर्जित करता है।

**3. उन व्यक्तियों को प्रगणित कीजिये जो कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अनुतोष हेतु मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं?**

उ. कोई व्यथित व्यक्ति या संरक्षण अधिकारी या व्यथित व्यक्ति की ओर से कोई अन्य व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन एक या अधिक अनुतोष प्राप्त करने के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**4. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत 'तृतीय पक्षकार' से आप क्या समझते हैं?**

उ. सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत 'तृतीय पक्षकार' के बारे में उल्लेख धारा 2(एन) में किया गया है। तृतीय पक्षकार से अर्थ है, नागरिक के अलावा अन्य व्यक्ति जो सूचना के लिए अनुरोध कर रहा है। इसमें सार्वजनिक प्राधिकरण भी शामिल है।

**5. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 को अधिनियमित करने का प्रमुख उद्देश्य बताइए।**

उ. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 को अधिनियमित करने का प्रमुख उद्देश्य - लैंगिक हमलो, लैंगिक उत्पीड़न और अश्लीत साहित्य के अपराधों से बालकों का संरक्षण करने और ऐसे अपराधों का विचार करने के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना करना।

### मुख्य परीक्षा 2021

**1. 'पूर्ण' एवं 'अपूर्ण' अधिकार के मध्य क्या अंतर है?**

उ. **पूर्ण अधिकार-** वह अधिकार है, जिनके उल्लंघन किए जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध न्यायालय में वाद संस्थित किया जा सकता है।
**अपूर्ण अधिकार-** वह अधिकार है, जिसे विधि से मान्यता तो प्राप्त है, लेकिन विधि द्वारा प्रवर्तन नहीं करवाया जा सकता है।

**2. सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 मं प्रयुक्त अभिव्यक्ति 'सूचना का अधिकार' को परिभाषित कीजिए।**

उ. **सूचना का अधिकार -** आरटीआई एक्ट 2005 के अधीन पहुंच योग्य सूचना का जो किसी अधिकार द्वारा या उसके नियंत्रणाधीन धारित है अधिकार अभिप्रेत है। निम्नलिखित अधिकार सम्मिलित हैं-
- किसी फाइल या दस्तावेज की जांच करना।
- प्रमाणित प्रति लेना।
- ई-सूचना की डिजिटल या हार्ड कॉपी लेना।
- सरकारी कार्य में प्रयुक्त सामग्री के प्रमाणित नमूने लेना।

**3. महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम-2013 के अंतर्गत उल्लिखित 'लैंगिक उत्पीड़न' का अर्थ लिखिए।**

उ. इस अधिनियम के अंतर्गत लैंगिक उत्पीड़न के अंतर्गत निम्नलिखित कोई एक या अधिक अवांछनीय कार्य या व्यवहार चाहें प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष रूप से हो यथा-
- शारीरिक संपर्क ओर अग्रगमन
- लैंगिक अनुकूलता की माँग करना
- लैंगिक अतियुक्त टिप्पणियां करना
- अश्लील साहित्य दिखाना
- लैंगिक प्रकृति का कोई अवांछनीय शारीरिक, मौखिक या अमौखिक आचरण करना।

**4. माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के अनुसार 'नातेदार' पद को परिभाषित कीजिए।**

**उ.** माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के अनुसार 'नातेदार से तात्पर्य है, नि:संतान वरिष्ठ नागरिक का कोई विधिक वारिस अभिप्रेत है, जो अवयस्क नहीं है तथा उसकी मृत्यु के पश्चात् उसकी सम्पत्ति उसके कब्जे में है या विरासत में प्राप्त करेगा।

**5. 'नजूल भूमि' पद की परिभाषा दीजिए।**

**उ.** नजूल भूमि से तात्पर्य है राज्य सरकार की उस आबादी भूमि से है जो नगरपालिका, पंचायत समिति या शहर, कस्बे, गांव सीमा के अंदर हो। इसे राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 3(1)(b) में परिभाषित किया गया है।

## 2023

**1. The government of India received information in confidence from a foreign Government. Can it be asked under the R.T.I. Act, 2005?**
**भारत सरकार को किसी विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई। क्या सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत ऐसी सूचना की माँग की जा सकती है?**

**उत्तर-** सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 के अनुसार-किसी विदेशी सरकार से विश्वास (गोपनीय) में प्राप्त सूचना को सूचना के अधिकार के तहत नहीं मांगा जा सकता।

- यदि सूचना का खुलासा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है।
- यदि सूचना किसी अन्य देश से गोपनीय रूप से प्राप्त हुई है और उस देश द्वारा गोपनीय मानी गई है, तो उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है. क्योंकि वह संवेदनशील मानी जाती है।

**2. What do you mean by the term 'private area' mentioned under the Information Technology Act, 2000?**
**सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत उल्लेखित 'एकान्त भाग' पद से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत निजी क्षेत्र की वे सभी संस्थाएँ आती हैं जो इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, कम्प्यूटर या संचार नेटवर्क का इस्तेमाल करती हैं, इसमें निगम, गैर-लाभकारी संस्थाएँ और व्यक्ति शामिल हैं।

**3. State the subject matter of copyright.**
**प्रतिलिप्यधिकार की विषय-वस्तु बताएँ।**

**उत्तर-** कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा 13 में परिभाषित अनुसार कॉपीराइट के दायरे में आने वाले कार्यों में किताबें, संगीत, पेंटिंग, मूर्तिकला और फिल्मों से लेकर कम्प्यूटर प्रोग्राम, डेटाबेस, विज्ञापन, मानचित्र और तकनीकी चित्र तक शामिल हैं।

**4. What includes 'Children' under the Maintenance and Welfareof Parents and Senior Citizens Act, 2007?**
**माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'बच्चों' में क्या सम्मिलित है?**

**उत्तर-** माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम 2007-उक्त अधिनियम के अन्तर्गत बच्चों" में बेटा, बेटी, पोता और पोती शामिल हैं लेकिन इसमें नाबालिग शामिल नहीं है तथा "नाबालिक" का अर्थ उस व्यक्ति से है, जो वयस्कता अधिनियम, 1875 के प्रावधानों के तहत वयस्कता की आयु (18 वर्ष) प्राप्त नहीं करने वाला माना जाता है।

**5. What are included under the term "Sexual abuse" in the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005?**
**घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत "लैंगिक दुर्व्यवहार" पद के अन्तर्गत क्या सम्मिलित किया गया है?**

**उत्तर- घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम, 2005-"लैंगिक दुर्व्यवहार"** के अंतर्गत कोई एक या अधिक अवांछनीय कार्य या व्यवहार चाहे प्रत्यक्ष रूप से या विवक्षित रूप से हैं, अर्थात्-

(i) शारीरिक सम्पर्क और अग्रगमन या
(ii) लैंगिक अनुकूलता की मांग या अनुरोध करना या
(iii) लैंगिक अत्युक्त टिप्पणियाँ करना या
(iv) अश्लील साहित्य दिखाना या
(v) लैंगिक प्रकृति का कोई अन्य अवांछनीय शारीरिक, मौखिक या अमौखिक आचरण करना।

## 2024

**1. राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अंतर्गत "फसलों" पद में क्या सम्मिलित हैं?**

**उत्तर-**

– राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 05 के अनुसार 'फसलों' पद से आशय –
फसलों में छोटे वृक्ष, झाड़ियों, पौधे तथा बेलें जैसे गुलाब की झाड़ियाँ, पान की बेलें, मेंहदी की झाड़ियाँ, केले तथा पपीता सम्मिलित होंगे परन्तु उसमें चारा व प्राकृतिक उपज शामिल नहीं होगा।

**2. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत "साइबर केफे" से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर-**

– सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार 'साइबर कैफे' से ऐसी कोई सुविधा अभिप्रेत है, जहाँ से किसी व्यक्ति द्वारा, जनता को कारोबार के साधारण अनुक्रम में इंटरनेट तक पहुँच स्थापित की जाती है।"
– इसमें इंटरनेट, ई-मेल, चैटिंग, ब्राउज़िंग या अन्य ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग शुल्क देकर किया जा सकता है।

**3. किसी महिला को जो कि "लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही हो, उसे घरेलू हिंसा से संरक्षित करने के क्या प्रावधान हैं?**

**उत्तर-**

**घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 के अनुसार –**
**धारा 2(f) - घरेलू संबंध की परिभाषा-**

– यदि कोई पुरुष-महिला शादी नहीं भी है, मगर "विवाह-समान संबंध" में एक साझा-घर में रहते हों, तो अधिनियम के तहत उनका संबंध "घरेलू संबंध " माना जा सकता है।
– **इंद्रा शर्मा बनाम वी.के.वी.शर्मा वाद(2013)** में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस बात पर विचार किया गया कि क्या "लिव-इन रिलेशनशिप" स्वत: ही "relationship in nature of marriage" बन जाती है। कोर्ट ने कहा कि हर लिव-इन संबंध नहीं: कुछ विशेष शर्तें पूरी होनी चाहिए - जैसे साझा-गृह, स्थायी सहवास, साझे घरेलू/आर्थिक ज़िम्मेदारियाँ आदि।


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

**4. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अनुसार "साझी गृहस्थी" का क्या अर्थ है?**

**उत्तर-**

– लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अनुसार "साझी गृहस्थी" (साझा घर) का अर्थ है वह घर जहाँ पीड़ित बालक अपने माता-पिता, अभिभावक या संरक्षक के साथ रहता है या रहने का अधिकार रखता है। इसमें वह घर भी शामिल है जो संयुक्त रूप से परिवार द्वारा उपयोग किया जाता है, चाहे उसका स्वामित्व किसी एक व्यक्ति के नाम पर ही क्यों न हो।

**5. एक "ब्रांडेड मिठाई" के परीक्षण में हानिकारक तत्त्व पाए गए। क्या सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत कोई व्यक्ति सक्षम प्राधिकारी से ऐसी सूचना की माँग कर सकता है?**

**उत्तर-**

– सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक प्राधिकरण से ऐसी जानकारी माँग सकता है। यदि किसी "ब्रांडेड मिठाई" के परीक्षण में हानिकारक तत्त्व पाए गए हैं और यह सूचना किसी सरकारी विभाग/प्राधिकरण के पास उपलब्ध है, तो नागरिक इसे माँगने के लिए सक्षम है। RTI का उद्देश्य जनहित में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

❑❑❑

## Part- B
## (5 Marks)

### मुख्य परीक्षा 2016

**1. राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत अभिधारियों के 'प्राथमिक अधिकार' क्या है?**

उ. अभिधारियों के प्राथमिक अधिकार-

1. नालबाट के अधिकार का अधिग्रहण करना।
2. पट्टों का प्रभावीकरण करना।
3. प्रीमियम एवं बेगार से मुक्ति।
4. लगान से भिन्न संदाय से मुक्ति।
5. रिहायशी घर से सम्बन्धित सामग्री उपयोग करने का अधिकार।
6. निवास के लिए मकान हेतु स्थान का अधिकार।
7. लिखित पट्टा एवं उसके प्रतिलेख का अधिकार।
8. न्यायालय में आदेश से अपनी जोत की जब्ती, कुर्की और नीलामी से बचाव।

**2. 'कम्प्यूटर प्रणाली के साथ हैकिंग' से आपका क्या तात्पर्य है?**

उ. हैकिंग- किसी कम्प्यूटर की सुरक्षा को पार कर उसमें प्रवेश करना तथा उसमें रखी जानकारी सवेंदनशील सूचना को बदलना, मिटाना हैकिंग कहलाती है। यदि हैकिंग अच्छे उद्देश्य से की जाए तो इसे एथिकल हैकिंग कहते है। यदि हैकिंग गलत उद्देश्य से की जाए तो मैलिशियस (Malicious) हैकिंग कहते है।

### मुख्य परीक्षा 2018

**1. क्या आप इस मत से सहमत हैं कि राजस्थान-भू-राजस्व अधिनियम, 1956 में प्रयुक्तानुसार 'वार्षिक रजिस्टर' की अभिव्यक्ति 'अधिकार अभिलेख' की अभिव्यक्ति से विस्तृत है? टिप्पणी कीजिये।**

उ. वार्षिक रजिस्टर- भू अभिलेख अधिकारी द्वारा तैयार किया गया रजिस्टरो का एक सेट है, जो राज्य सरकार द्वारा वार्षिक रूप से या लम्बे अंतराल में तैयार करवाया जाता है, जिसका उल्लेख राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 114 में किया गया है।
परन्तु अधिकार अभिलेख में केवल अधिकारों का रिकॉर्ड शामिल है इसलिए अधिकार अभिलेख, वार्षिक रजिस्टर से छोटा है। इसमें खेवट खतौनी, राजस्व मुक्त भूमि, अन्य रजिस्टर जो शामिल हैं।

**2. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत 'सूचना के अधिकार' का क्षेत्र क्या है? समझाइये।**

उ. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना के अधिकार का क्षेत्र -

1. ऐसी संस्थाएँ जो संसद के किसी विशेष कानून के तहत् स्थापित है।
2. विधानमण्डल के विशेष कानून के अन्तर्गत स्थापित संस्थाएँ।
3. सरकार द्वारा वित्त पोषित संस्थाएँ।
4. संविधान के अन्तर्गत स्थापित संस्थाए।
5. सरकार द्वारा पूर्ण या अधिकांशत: स्वामित्व वाली संस्थाएँ।

### मुख्य परीक्षा 2021

**1. राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 में 'अधिकार अभिलेख' के अन्तर्वस्तु बताइए।**

उ. राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 में 'अधिकार अभिलेख' की अन्तर्वस्तु निम्नलिखित है-

1. इसका उल्लेख इस अधिनियम की धारा 144 (ख) में किया गया है। यह एक रजिस्टर है, जिसमें भूमि के काश्त करने वाले या भूमि धारण करने वाले व्यक्तियों का उल्लेख होता है।
2. **खेवट-** इसका उल्लेख 114 (क) धारा में है। यह एक रजिस्टर है, जिसके सर्वेक्षण तथा अभिलेख कार्य के अधीन भू-सम्पत्ति धणी, सहभागी और असामी आदि तथा सीमा व हितों का उल्लेख होता है।
3. **माफी रजिस्टर** -ऐसा रजिस्टर जिसमें बिना लगान एवं राजस्व के भूमि धारण करने वाले का विवरण है।

**2. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 में उल्लिखित 'लैंगिक हमला' पद का वर्णन कीजिए।**

उ. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 में उल्लिखित 'लैंगिक हमला' से तात्पर्य है जो कोई लैंगिक आशय से बालक की योनि, लिंग, गुदा या स्तनों को स्पर्श करता है या बालक से ऐसे व्यक्ति या किसी अन्य व्यक्ति की योनि, लिंग, गुदा या स्तन का स्पर्श करता है या लैंगिक आशय से कोई अन्य कार्य करता है जिसमें प्रवेशन किए बिना शारीरिक संपर्क अन्तग्रस्त होता है, 'लैंगिक हमला' कहा जाता है।
इस अपराध के दण्ड के रुप में 3 से 5 वर्ष तक के कारावास तथा जुर्माने का प्रावधान है।

## 2023

1. **What is the legal status of a Hindu Idol?**
   **एक हिन्दू देवता (मूर्ति) की वैधानिक स्थिति क्या है?**

**उत्तर-** हिन्दू धर्म में, देवता (मूर्ति) को एक न्यायिक व्यक्ति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसका मतलब है कि उसे संपत्ति रखने और कानूनी कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार है।

- न्यायालय ने यह भी माना कि मंदिर में मूर्ति के पास संपत्ति रखने और कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार होता है। मंदिर को उपासना और प्रथागत अनुष्ठानों के लिये खुला रहना चाहिये।
- मूर्ति के न्यायिक व्यक्तित्व पर विचार के साथ यह सुनिश्चित करते हुए कि दैनिक धार्मिक अनुष्ठान जारी रहे, न्यायालय ने मूर्तियों के अधिकारों की रक्षा के लिये पैरेंस पैट्रिया क्षेत्राधिकार का प्रयोग किया।
- **विद्या वरुथी तीर्थ बनाम वालुस्वामी अय्यर (1921)** मामले में, अदालत ने माना कि हिन्दू कानून में देवता को एक कानूनी या कानूनी व्यक्ति का दर्जा दिया गया है और उपहार प्राप्त करने और संपत्ति रखने की क्षमता के साथ निहित।

2. **What do you understand by the term "Sayar" under the Rajasthan Tenancy Act, 1955?**
   **राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "सायर" पद से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 5 (37) में वह सब सम्मिलित है जो कुछ अनुज्ञाधारी या पट्टेधारी द्वारा, अनधिवासित भूमि से ऐसी उपज जैसे घास, फुस, लकड़ी, ईधन, फल, लाख, गोंद, लूंग, पाला पन्नी, सिंघाड़ा या ऐसी कोई वस्तु या ऐसा कुड़ा कर्कट जैसे भूमि पर फैली हड्डियां या गोबर उठाने के अधिकार के कारण या मछली पकड़ने के अधिकार के कारण या वन अधिकारों या अप्राकृतिक साधनों से सिंचाई के प्रयोजनार्थ पानी लेने के कारण भुगतान किया जाना हो, वह सायर होता है।

## 2024

1. **राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 के अंतर्गत "नामान्तरण" संबंधी प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर-**

**राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम,1956 के अंतर्गत "नामान्तरण" संबंधी प्रावधान निम्नलिखित हैं:**

– **धारा-133 - उत्तराधिकार एवं कब्जे के हस्तांतरण की सूचना-** जो भी व्यक्ति उत्तराधिकार, हस्तांतरण या किसी अन्य तरीके से किसी भूमि अथवा भूमि से संबंधित किसी अधिकार, हित या उससे होने वाले लाभ का कब्जा प्राप्त करता है, वह इस तथ्य की सूचना गाँव के पटवारी को देगा तथा तहसीलदार को भी रिपोर्ट करेगा। यह सूचना उस दिन से तीन माह के भीतर देनी होगी जिस दिन वह ऐसा कब्जा प्राप्त करता है।”

– **धारा-135 - रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रक्रिया-** तहसीलदार, ऐसी रिपोर्ट प्राप्त होने पर, आवश्यक जाँच-पड़ताल करने के उपरान्त उपयुक्त पंजिका (म्यूटेशन रजिस्टर) में नामान्तरण की प्रविष्टि कराएगा।

2. **'कब्जा' को परिभाषित कीजिए एवं इसके तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर-**

– कब्जा का अर्थ है किसी वस्तु या संपत्ति पर वास्तविक अधिकार या नियंत्रण रखना। यह केवल स्वामित्व नहीं, बल्कि वस्तु पर भौतिक अधिपत्य और उपयोग की स्थिति को दर्शाता है।

– जब किसी व्यक्ति के पास किसी संपत्ति पर भौतिक नियंत्रण (Corpus) तथा उसको अधिकार में रखने की इच्छा या संकल्प (Animus) दोनों मौजूद हों, तो उसे कब्जा कहा जाता है।

**कब्जा के तत्त्व:**

1. **भौतिक नियंत्रण (Corpus):** वस्तु पर प्रत्यक्ष अधिकार या अधिपत्य होना।
2. **मानसिक तत्व (Animus):** वस्तु को अपने अधिकार में रखने की इच्छा या संकल्प।
3. **निरंतरता:** कब्जा स्थायी या निरंतर होना चाहिए।
4. **विशिष्टता:** कब्जा स्पष्ट और दूसरों से अलग होना चाहिए।

❑❑❑


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119